भगवद गीता चालीसा in Hindi

प्रथमहिं गुरुको शीश नवाऊँ।हरिचरणों में ध्यान लगाऊँ॥
गीत सुनाऊँ अद्भुत यार।धारण से हो बेड़ा पार॥

अर्जुन कहै सुनो भगवाना।अपने रूप बताये नाना॥
उनका मैं कछु भेद न जाना।किरपा कर फिर कहो सुजाना॥

जो कोई तुमको नित ध्यावे।भक्तिभाव से चित्त लगावे॥
रात दिवस तुमरे गुण गावे।तुमसे दूजा मन नहीं भावे॥

तुमरा नाम जपे दिन रात।और करे नहीं दूजी बात॥
दूजा निराकार को ध्यावे।अक्षर अलख अनादि बतावे॥

दोनों ध्यान लगाने वाला।उनमें कुण उत्तम नन्दलाला॥
अर्जुन से बोले भगवान्।सुन प्यारे कछु देकर ध्यान॥

मेरा नाम जपै जपवावे।नेत्रों में प्रेमाश्रु छावे॥
मुझ बिनु और कछु नहीं चावे।रात दिवस मेरा गुण गावे॥

सुनकर मेरा नामोच्चार।उठै रोम तन बारम्बार॥
जिनका क्षण टूटै नहिं तार।उनकी श्रद्घा अटल अपार॥

मुझ में जुड़कर ध्यान लगावे।ध्यान समय विह्वल हो जावे॥
कंठ रुके बोला नहिं जावे।मन बुधि मेरे माँही समावे॥

लज्जा भय रु बिसारे मान।अपना रहे ना तन का ज्ञान॥
ऐसे जो मन ध्यान लगावे।सो योगिन में श्रेष्ठ कहावे॥

जो कोई ध्यावे निर्गुण रूप।पूर्ण ब्रह्म अरु अचल अनूप॥
निराकार सब वेद बतावे।मन बुद्धी जहँ थाह न पावे॥

जिसका कबहुँ न होवे नाश।ब्यापक सबमें ज्यों आकाश॥
अटल अनादि आनन्दघन।जाने बिरला जोगीजन॥

ऐसा करे निरन्तर ध्यान।सबको समझे एक समान॥
मन इन्द्रिय अपने वश राखे।विषयन के सुख कबहुँ न चाखे॥

सब जीवों के हित में रत।ऐसा उनका सच्चा मत॥
वह भी मेरे ही को पाते।निश्चय परमा गति को जाते॥

फल दोनों का एक समान।किन्तु कठिन है निर्गुण ध्यान॥
जबतक है मन में अभिमान।तबतक होना मुश्किल ज्ञान॥

जिनका है निर्गुण में प्रेम।उनका दुर्घट साधन नेम॥
मन टिकने को नहीं अधार।इससे साधन कठिन अपार॥

सगुन ब्रह्म का सुगम उपाय।सो मैं तुझको दिया बताय॥
यज्ञ दानादि कर्म अपारा।मेरे अर्पण कर कर सारा॥

अटल लगावे मेरा ध्यान।समझे मुझको प्राण समान॥
सब दुनिया से तोड़े प्रीत।मुझको समझे अपना मीत॥

प्रेम मग्न हो अति अपार।समझे यह संसार असार॥
जिसका मन नित मुझमें यार।उनसे करता मैं अति प्यार॥

केवट बनकर नाव चलाऊँ।भव सागर के पार लगाऊँ॥
यह है सबसे उत्तम ज्ञान।इससे तू कर मेरा ध्यान॥

फिर होवेगा मोहिं सामान।यह कहना मम सच्चा जान॥
जो चाले इसके अनुसार।वह भी हो भवसागर पार॥

Bhagavad Geeta Chalisa in English

Prathmahin guru ko sheesh navau. Hari charanon mein dhyan lagau.
Geet sunau adbhut yaar. Dharan se ho beda paar.

Arjun kahai suno bhagwana. Apne roop bataye nana.
Unka main kachhu bhed na jaana. Kripa kar fir kaho sujana.

Jo koi tumko nit dhyave. Bhakti bhav se chitt lagave.
Raat divas tumre gun gave. Tumse dooja man nahi bhave.

Tumra naam jape din raat. Aur kare nahi dooji baat.
Dooja nirakar ko dhyave. Akshar alakh anadi batave.

Dono dhyan lagane wala. Unmein kun uttam Nandlala.
Arjun se bole bhagwan. Sun pyare kachhu dekar dhyan.

Mera naam japai japvave. Netron mein premashru chhave.
Mujh binu aur kachhu nahi chave. Raat divas mera gun gave.

Sunkar mera namochar. Uthai rom tan barambar.
Jinka kshan tute nahin taar. Unki shraddha atal apaar.

Mujh mein judkar dhyan lagave. Dhyan samay vihval ho jave.
Kanth ruke bola nahin jave. Man buddhi mere maahi samave.

Lajja bhay ru bisare maan. Apna rahe na tan ka gyaan.
Aise jo man dhyan lagave. So yogin mein shreshth kahave.

Jo koi dhyave nirgun roop. Poorn brahm aru achal anoop.
Nirakar sab ved batave. Man buddhi jahan thaah na pave.

Jiska kabahun na hove naash. Vyapak sabmein jyon aakash.
Atal anadi anandghan. Jane birla jogijan.

**Aisa kare nirantar dhyan. Sabko samjhe ek samaan.
Man indriya apne vash rakhe. Vishayan ke sukh kabahun na chakhe.**

**Sab jeevon ke hit mein rat. Aisa unka saccha mat.
Vah bhi mere hi ko paate. Nishchay parma gati ko jaate.**

**Phal donon ka ek samaan. Kintu kathin hai nirgun dhyan.
Jabtak hai man mein abhimaan. Tabtak hona mushkil gyaan.**

**Jinka hai nirgun mein prem. Unka durghat saadhan nem.
Man tikne ko nahin adhaar. Isse saadhan kathin apaar.**

**Sagun brahm ka sugam upay. So main tujhko diya batay.
Yagya danadi karm apara. Mere arpan kar kar saara.**

**Atal lagave mera dhyan. Samjhe mujhko praan samaan.
Sab duniya se tode preet. Mujhko samjhe apna meet.**

**Prem magn ho ati apaar. Samjhe yeh sansaar asaar.
Jiska man nit mujh mein yaar. Unse karta main ati pyaar.**

**Kevat bankar nav chalau. Bhav sagar ke paar lagau.
Yeh hai sabse uttam gyaan. Isse tu kar mera dhyan.**

**Phir hovega mohin samaan. Yeh kehna mam saccha jaan.
Jo chale iske anusaar. Vah bhi ho bhavsagar paar.**